संसद सदस्यों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2014: प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन और राज्य सभा के उप-सभापति, प्रो. पी.जे. कुरियन के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

अनेक केन्द्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों; लोक सभा के महासचिव, श्री पी. श्रीधरन और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि दी ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्र को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 28 जुलाई, 1956 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण किया था ।